>

Title: Need to take measures to prevent pollution caused by the industrial units in Roorkee Tehsil of Hardwar Parliamentary Constituency.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र हरिद्वार में विशेषकर तहसील रुड़की क्षेत्र में विगत वर्षों में अनेक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई हैं। उनके द्वारा अपने उत्पादन के बाद बचे विभिन्न केमिकल्स एवं कचरा युक्त खराब जल की निकासी के लिए नाला आदि का प्रावधान नहीं किया गया है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा विभिन्न केमिकल्स एवं खराब जल बोरिंग के माध्यम से जमीन के अंदर वापिस भेजा जा रहा है और गड्ढों-नालों आदि में कर दिया जा रहा है जिससे भूमि के अंदर प्रदूषित जल जाने से पीने का पानी प्रदूषित एवं संक्रमित होता जा रहा है, जिसका परिणाम अभी रुड़की क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। इस समय पीलिया रोग व्यापक रूप से फैलता जा रहा है जिससे कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

अत: आपसे अनुरोध है कि जिला हरिद्वार में विशेषकर रुड़की तहसील में विगत वर्षों में स्थापित होने वाले प्रत्येक औद्योगिक इकाइयों की जांच करवाकर प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को मानक एवं नियमों के अनुसार सुनिश्चित कराने एवं संक्रमित बेकार जल की समुचित निकासी की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए व पीलिया रोग पीड़ित रोगियों का सर्वे करवाकर उनके इलाज की समुचित व्यवस्था व आर्थिक सहायता दी जाए।[KMR84]

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, while associating with what she has said, I am only complimenting her and not adding anything more to it....(*Interruptions*) Due to constant heavy rains in Kerala.....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Only your association with Shrimati Sujatha will go on record and no other matter will go on record.

*(Interruptions) **